Title: Re: Establishment of Kendriya Vidyalaya in Birpur, Supaul district, Bihar.

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): सभापति महोदय, भारत सरकार द्वारा गृह मंत्रालय के अंतर्गत बिहार राज्य में संचालित 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, बीरपुर, जिला ? सुपौल (बिहार) में नया केन्द्रीय विद्यालय खोलने की स्वीकृति वर्ष 2019 में प्रदान की गई थी । स्थायी विद्यालय भवन के निर्माण हेतु प्राधिकृत प्राधिकारी एस.एन.बी., बीरपुर द्वारा 05 एकड़ भूमि 99 वर्ष के लीज पर नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई है । उस भूमि का लीज-निबंधन करवाना एक प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके उपरान्त ही विद्यालय के संचालन की अनुमति केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय) नई दिल्ली द्वारा दी जाती है । अत: सब-रजिस्ट्रार गणपतगंज, जिला-सुपौल द्वारा एस.एस.बी., बीरपुर के 05 एकड़ भूमि का निबंधन शुल्क रु0 33,00,250/- की राशि का भुगतान किया जाय ।